CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:11 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 310 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 10 जून 2026

बिग बॉस 20 की तैयारियां...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### तुंगनाथ से लौट रहे एमपी के युवकों की बाइक खाई में गिरी

चमोली। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाली पुलिया के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां तुंगनाथ से दर्शन कर लौट रहे बुलेट सवार दो युवक अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरे। घटना की जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक ललित मोहन भट्ट के नेतृत्व में श्रीनगर पोस्ट से एसडीआरएफ की टीम तत्काल उपकरणों के साथ मौके के लिए रवाना हुई। देवप्रयाग से लगभग पांच किलोमीटर पहले दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर एसडीआरएफ और देवप्रयाग पुलिस ने संयुक्त रूप से रात के अंधेरे में ही बेहद चुनौतीपूर्ण सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

# जनसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी:प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रिकॉर्ड कार्यकाल पर देश को एक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार कोसबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य पर प्रदेश भर में 12 से 14 जून तक कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनसंपर्क, जनकल्याण शिविर व संवाद कार्यक्रम का



प्रभावी आयोजन किया जाए।

नरेंद्र मोदी भारत में लगातार सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने वाले प्रधानमंत्री बने हैं। इस खास अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि जनसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा, जनसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी है। विनम्रता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निरंतर कार्य करने वाला व्यक्ति ही जनविश्वास अर्जित करता है। इसके साथ ही, पीएम मोदी ने एक संस्कृति सुभाषित भी शेयर किया है, जिसमें लिखा,

सदानुरक्तप्रकृतिः प्रजापालनतत्परः।
विनीतात्मा हि नृपतिर्भूयसी श्रियमश्नुते।

### पूर्व पीएम नेहरू का तोड़ा रिकॉर्ड

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के तौर पर यह नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरा कार्यकाल है। इसके साथ ही, उन्होंने 4,399 दिनों तक प्रधानमंत्री पद पर रहकर सबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले, यह उपलब्धि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम पर दर्ज थी। नेहरू के 1952 से शुरू हुए कार्यकाल को आधार माना जाता है, क्योंकि देश के पहले आम चुनाव होने से पहले 1947 से 1952 के बीच वह अंतरिम सरकार के प्रमुख थे। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 14 साल से ज्यादा समय तक पद पर रहीं, लेकिन उनका कार्यकाल लगातार नहीं था।

तनाव बढ़ा: खाड़ी देशों में बज रहे सायरन

# जंग: जॉर्डन ने हवा में मार गिराई ईरान की पांच मिसाइलें

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्धविराम टूट गया है। सैन्य हेलिकॉप्टर को निशाना बनाए जाने के बाद अमेरिका बुरी तरह से ईरान पर भड़क गया है और अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमले शुरू कर दिए हैं। वहीं आईआरजीसी ने भी एक बयान जारी कर रहा है कि वे भी हमलों का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

कुवैत ने कहा है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय होकर हवाई खतरों का सामना कर रहे हैं, जब ईरान ने अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में इस खाड़ी देश को निशाना बनाने का दावा किया। ईरान की ओर से यह कार्रवाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच की गई है। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। कुवैती सुरक्षा बलों ने कई प्रोजेक्टाइल को हवा में ही इंटरसेप्ट कर लिया। फिलहाल किसी



बड़े नुकसान या हताहत की सूचना नहीं है। जॉर्डन ने दावा किया है कि उसने ईरान की ओर से दागी गई पांच मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। ये मिसाइलें उस क्षेत्र की ओर बढ़ रही थीं, जहां अमेरिकी सैन्य बलों की मौजूदगी वाला एयरबेस स्थित है। हमले के बाद जॉर्डन समेत कई खाड़ी देशों में चेतावनी सायरन बजाए गए और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया। रिपोर्टों के अनुसार, यह घटनाक्रम अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के बीच हुआ है। जॉर्डन ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली पूरी तरह सक्रिय है और देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ईरान के इस एलान के बाद कि उसने अमेरिकी हवाई हमलों का बदला लेने के लिए पश्चिम एशिया के इस देश को निशाना बनाया है, कुवैत का कहना है कि उसकी एयर डिफेंस सिस्टम जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं।

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि अमेरिका के हमलों के जवाब में अमेरिकी सेना की बहरीन में मौजूद पांचवीं फ्लीट पर ड्रोन हमला किया गया है। आईआरजीसी ने ये भी कहा कि अगर अमेरिका के हमले जारी रहे तो वे भी हमलों का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

# मंगलवार को बनी शुक्र और गुरु की युति

नैनीताल
हमारे संवाददाता

मंगलवार को शुक्र और बृहस्पति ग्रह एक दूसरे के नजदीक रहे। वैज्ञानिक इस खगोलीय घटना को युति कहते है। एरीज में इस खगोलीय घटना को दूरबीनों से देखा गया।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के खगोल वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव ने बताया कि इस खगोलीय घटना को देखने के लिए एरीज में काफी लोग पहुंचे हुए थे, जबकि सैनिक स्कूल





घोड़ाखाल में एरीज ने इस खगलोय घटना के दर्शन करवाए। इस खगोलीय घटना को कंजक्सन कहा जाता है। यह दोनों हमारे सौर मंडल के सर्वाधिक खूबसूरत ग्रह हैं। जिस कारण लोगों के आकर्षण में रहते हैं। उन्होंने बताया कि यह सामान्य खगोलीय घटना है। ग्रहों का एक दूसरे के करीब आना जाना लगे रहता है।

# हादसा, ब्रेक फेल होने से गहरी खाई में गिरी कार, चार यात्रियों की मौत

देहरादून
हमारे संवाददाता

मसूरी के झड़ीपानी रोड स्थित बार्लोगंज क्षेत्र में आज बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक कार अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ, फायर सर्विस और 108 एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। कार में चार लोग सवार बताए जा रहे हैं।


सुबह कंट्रोल रूम के माध्यम से थाना मसूरी को सूचना मिली कि झड़ीपानी रोड पर एक कार तीव्र ढलान से अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ, फायर सर्विस तथा 108 एम्बुलेंस को भी मौके पर बुलाया गया। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि कार सवारों ने दुर्घटना से पहले पास की एक दुकान से कुछ सामान खरीदा था। बातचीत में उन्होंने स्वयं को उत्तरकाशी का बताया था। सामान लेने के बाद जैसे ही वे कार में बैठे, वाहन ढलान की ओर तेजी से बढ़ने लगा और नियंत्रण खोते हुए खाली प्लॉट से होकर गहरी खाई में जा गिरा। कार में सत्यप्रकाश निवासी सोनीपत, मनीत (19), सविता पत्नी धर्मवीर निवासी 322 ए, नेहरू नगर, गाजियाबाद (48 वर्ष) और संगीता पत्नी टीटू निवासी करोलबाग, दिल्ली 46) सवार थे। चारों का शव खाई से निकाला गया। दुर्घटना का कारण तीव्र ढलान पर वाहन के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा।

### हृदयघात से पंजाब के पर्यटक की मौत

नैनीताल । नैनीताल घूमने पहुंचे पंजाब के पर्यटक की हृदयघात से मौत हो गई। पुलिस ने शव स्वजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के मुताबिक किछलू नगर लुधियाना पंजाब निवासी सुरेंद्र कुमार शर्मा(62) अपने बेटे के साथ घूमने नैनीताल आए हुए थे। यहां वह मल्लीताल स्थित एक होटल में ठहरे थे। सोमवार रात दोनों होटल में खाना खाने की तैयारी कर ही रहे थे कि अचानक सुरेंद्र की तबियत बिगड़ गई। बेटे ने अन्य स्वजनों को सूचना देने के साथ ही होटल कर्मियों की मदद से पिता को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत ने बताया कि चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टिया हृदयघात की आशंका जताई है।

11 जून 2026 को स्थापना दिवस पर
रक्तदान शिविर
समयः प्रातः 9 बजे से



सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ
खून दो, खुशी लो।



स्थानः उत्तरांचल दीप कार्यालय, चंद्रकांता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी (नैनीताल) संपर्कः– 9917783434, 9548899674

# महंगाई विरोध में फूंका सरकार का पुतला

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



पेट्रोलियम पदार्थों और घरेलू रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों के विरोध में मंगलवार को भवाली के घोड़ाखाल तिराहे पर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व पीसीसी सदस्य खष्टी बिष्ट ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम जनता की आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव डाला है। उनका कहना था कि घरेलू गैस के दाम बढने से जहां आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है वहीं होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है।

खष्टी बिष्ट ने कहा कि आम जनता पहले से ही बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं से जूझ रही है। ऐसे में ईंधन और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि लोगों की परेशानियों को और बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल का मूल्य 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंचना सरकार की नीतिगत विफलता को दर्शाता है।

उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आम जनता के आर्थिक अधिकारों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पालिकाध्यक्ष पंकज आर्या समेत खष्टी बिष्ट, सुजान रजवार डिंपल, कुमारी अर्पिता, बीना पांडे, धनी दुमका, शांति तिवारी, सुमन आर्या, मोहन आजाद ,शिल्पी, सोरन सैनी, नरेन्द्र, अर्पित कुमार, दीपक चन्द, अफ सर अली, नवल कुमार, पिर्की व रचना आदि उपस्थित थी।



# बेरोजगारी के दौर में स्वरोजगार को अपनाने की जरुरत पर बल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने मंगलवार को नैनीताल विधान सभा के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट में महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि बेरोजगारी के इस दौर में स्वरोजगार को अपनाए जाने की विशेष जरुरत है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी महिलाओं को स्वरोजगार से जोडने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं उन योजनाओं का लाभ सभी को उठाना चाहिए। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से सिलाई आदि के क्षेत्र में लिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की साथ ही उन्होंने सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान दीपा शाह,नीलम शाह, कंचन आर्य, हेमा असवाल, गीता आर्य, नेहा सिजवाली,मुन्नी देवी, हेमा, दीपा सांगुडी,आरती आर्या, मीना तथा मनीषा एवं अन्य महिलाए उपस्थित रहीं।

# एनसीसी कैडेट्स हेतु जेंडर सेंसिटाइजेशन विषयक विशेष व्याख्यान आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल की ओर से सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स के लिए जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याखयान को सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की स्कूल काउंसलर मेघा जोशी ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए लैंगिक समानता बेहद आवश्यक है। उन्होंने कैडेट्स को समाज में मौजूद रूढ़िवादी सोच को चुनौती देने तथा सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।मेघा जोशी ने किशोर मनोविज्ञान और छात्र परामर्श के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा करते हुए भावनात्मक स्वास्थ्यए स्वस्थ सामाजिक संबंधों और जिमेदार व्यवहार के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संवेदनशील और जागरूक नागरिक ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और वक्ता द्वारा साझा किए गए विचारों को सराहा। अंत में एनसीसी स्टाफ की ओर से अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना गया।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# टिहरी जिले में दलित युवक की हत्या से शिल्पकार सभा गुस्से में

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शिल्पकार सभा नैनीताल ने टिहरी जिले के लंबगांव में 18 वर्षीय दलित युवक केतन की बेरहमी से की गई हत्या पर गहरा शोक और रोष व्यक्त किया गया। सभा ने इस घटना को मानवता पर कलंक और समाज में व्याप्त जातिवादी मानसिकता का भयावह परिणाम बताया है।

शिल्पकार सभा ने इस अमानवीय कृत्य की घोर निंदा की है। सभा का मानना है कि केवल ऊंची जाति की लडकी से प्रेम करने के कारण एक होनहार युवक की जान ले लेना न केवल एक अपराध है बल्कि यह हमारे समाज की समानता और न्याय की अवधारणा पर भी गहरी चोट है।शिल्पकार सभा ने मांगें की है कि इस जघन्य हत्याकांड के सभी दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए और उन पर फ स्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किया जाय, पीड़ित परिवार ने अपना युवा बेटा खोया है सरकार उन्हें कम से कम 50 लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करे। कहा कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा की गारंटी ली जाए क्योंकि क्षेत्र में दलित समुदाय के लोगों में व्याप्त भय को दूर करने के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिल्पकार सभा नैनीताल के अध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्रा ने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि आज भी समाज का एक हिस्सा मध्ययुगीन मानसिकता में जी रहा है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि आरोपियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार किया जाय और कहा है कि यदि इस मामले में निष्पक्ष और त्वरित न्याय नहीं मिला तो सभा पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# सफाई कर्मचारी संघ चुनावः एक प्रत्याशी ने लिया नाम वापस

**नैनीताल** । नैनीताल में 14 जून (रविवार) को होने जा रहे सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव के लिए मंगलवार को धीरज कटियार ने अध्यक्ष व सचिव पद अपना नाम वापस ले लिया। दूसरी ओर चुनाव मैदान में शेष खड़े प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया गया। इस बीच चुनाव चिन्हों के आवंटन के बाद से प्रत्याशियों ने अपने-अपने पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओं के बीच जाकर अपना चुनाव प्रचार भी एकाएक तेज कर दिया है।

मुखय चुनाव अधिकारी अमित सहदेव के मुताबिक अध्यक्ष पद के प्रत्याशी धर्मेश प्रसाद को धनुष बाण, कमल सिलेलान को ऊ गता सूरज तथा त्रिलोचन टांक को गुलाब का फूल चुनाव चिन्हन आवंटित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर कमल कुमार को लालटेन, रवि कुमार को अलमारी, संजय पवार को सीढ़ी जबकि महासचिव पद पर धर्मेश कुमार को छाता तथा सोनू सहदेव को पतंग चुनाव चिन्हों का आवंटन किया गया।

## NEWS / फटाफट

### आईजी निवेदिता कुकरेती ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



**नैनीताल** । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से मंगलवार को लोक भवन में कुमाऊं परिक्षेत्र की नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) निवेदिता कुकरेती ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कुमाऊं मंडल की कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने उन्हें उनके नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं भी दी।

### एटीआई के निदेशक पांडे ने की गवर्नर से मुलाकात



**नैनीताल** । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से मंगलवार को लोक भवन में डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल के महानिदेशक भगवती प्रसाद पांडे ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उनसे अकादमी में प्रशासनिक प्रशिक्षण, सुशासन तथा लोकसेवकों की क्षमता संवर्धन से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी ली।

### स्ट्रीट वेंडर्स हेतु किया लोक कल्याण मेले का आयोजन

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के सभागार में मंगलवार को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स हेतु लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया जिसमें वेंडर्स को कई जानकारियां दी गयी मेले में जिन वेंडर्स के द्वारा प्रथम चरण का ऋण पूर्ण कर दिया गया है उन्हें द्वितीय चरण के ऋण लेने हेतु प्रेरित किया गया, वहीं जन वेंडर्स के द्वारा द्वितीय चरण का ऋण पूर्ण कर दिया गया है उन्हें तृतीय चरण के ऋण लेने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही जिन वेंडर्स के द्वारा द्वितीय चरण का ऋण पूर्ण कर दिया गया है उन वेंडर्स को क्रेडिट कार्ड हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही समस्त वेंडर्स को डिजिटल लेनदेन हेतु भी प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में सीएमएम सीमा पाण्डेय, चन्दन भण्डारी, सोनू तिवारी, सीमा कुंवर के साथ साथ वेंडर्स समिति के विजय कुमार, केशी राम, कमला, लीला तथा जमीर अहमद सहित अन्य वेंडर्स उपस्थित रहे।

### प्रदर्शन कला के मर्मज्ञ जोशी को पुण्य तिथि पर किया याद



**नैनीताल** । प्रदर्शन कला के मर्मज्ञ व बहुआयामी व्यक्तित्व रमेश चंद्र जोशी (गुरुजी) की 31वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल द्वारा उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल के निदेशक बृजमोहन जोशी ने रमेश चंद्र जोशी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर परंपरा परिवार की अध्यक्ष कमला जोशी, सचिव मनोज जोशी,अनुभा जोशी, श्रीपर्णा जोशी, प्रशान्त कपिल, निशांत कपिल तथा मीनू कपिल,साबी कपिल तथा त्वरिता कपिल आदि उपस्थित थे।

### दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया पौधरोपण



**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 694वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 694वें दिन डीडीहाट बंदर लीमा खिरचना दुर्गा मंदिर परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत मंदिर के प्रमुख पुजारी चंचल सिंह खोलिया के नेतृत्व में मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता दीप चंद्र जोशी, उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ के के उपाध्यक्ष मोहित भट्ट, उमेश, त्रिभुवन व देवेंद्र उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### श्री कष्ट निवारण हनुमान मंदिर में हुआ विशाल भंडारा



**नैनीताल** । श्री कष्ट निवारण हनुमान मंदिर स्थित बॉटनिकल गार्डन कालाढूंगी रोड़ नारायण नगर में मंगलवार को भंडारे का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व मंदिर के गुरूजी ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद भोग लगाने के पश्चात कन्या पूजन किया गया। एक बजे से भंडारा शुरू किया गया। यह भंडारा मल्लीताल निवासी भक्त सुनीता साह की ओर से किया गया। इसके अलावा 70 किलो दूध की खीर का प्रसाद मंदिर कमेटी की ओर से किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अध्यक्ष गुरुजी कमल शाही, सचिव संजीव रस्तोगी, उपाध्यक्ष रविंद्र फ र्त्याल, उप सचिव बलवंत सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश कांडपाल, संरक्षक अजय पाल सिंह, शिव शंकर मजूमदार, सूरज शाही, अजय शाही, भुवन ठठोला के अलावा सुनीता साह समेत महिला भक्तजनों ने विशेष सहयोग किया।

# अभिमत

## वनस्पति को संकट

***धरती और वनस्पति को संकट का सबसे अधिक विपरीत प्रभाव मनुष्य पर पड़ेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार दुनिया के ज्यादातर पेड़-पौधों के विलुप्त होने का खतरा है। कभी अतिवृष्टि, कभी बहुत कम वर्षा और तापमान में लगातार वृद्धि से पेड़-पौधों के जिंदा रहने के अनुकूल वातावरण खत्म होता जा रहा है। वनस्पति का क्षेत्रफल सिमटता जा रहा है। पेड़-पौधे कार्बन सोखते हैं, मिट्टी को बांधकर रखते हैं। धरती में नमी रहती है। वनस्पति पर संकट से इंसान को प्राणवायु ऑक्सीजन कैसे मिलेगी?***

जलवायु परिवर्तन का असर दिखने लगा है। धरती और वनस्पति को संकट का सबसे अधिक विपरीत प्रभाव मनुष्य पर पड़ेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार दुनिया के ज्यादातर पेड़-पौधों के विलुप्त होने का खतरा है। कभी अतिवृष्टि, कभी बहुत कम वर्षा और तापमान में लगातार वृद्धि से पेड़-पौधों के जिंदा रहने के अनुकूल वातावरण खत्म होता जा रहा है। वनस्पति का क्षेत्रफल सिमटता जा रहा है। पेड़-पौधे कार्बन सोखते हैं, मिट्टी को बांधकर रखते हैं। धरती में नमी रहती है। वनस्पति पर संकट से इंसान को प्राणवायु ऑक्सीजन कैसे मिलेगी? पेड़-पौधों से पर्यावरण संतुलित होता है। वनस्पति से भोजन और औषधि मिलती है। दर्जनों प्रजाति की वनस्पति की उपज के लिए उपजाऊ भूमि का 90 प्रतिशत क्षेत्र अन्य कार्य में इस्तेमाल किया जा रहा है। शहरों के विस्तार से ग्रामीण क्षेत्र में कृषि का क्षेत्रफल कम होता जा रहा है। उद्योगों, सड़क और अन्य कार्य के लिए पेड़ काटकर जंगल कम होते जा रहे हैं। पेड़-पौधे कम होने से तापमान बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन का असर विश्व के करीब-करीब सभी देशों पर पड़ रहा है। भारत में हर साल गर्मी ज्यादा होती जा रही है। तापमान बढ़ता जा रहा है। वर्षा कम तथा अनियमित है। बेमौसम बरसात का प्रतिकूल असर होता है। हिमपात में कमी से ग्लेशियर सिमट रहे हैं। ग्लेशियर पर संकट का एक कारण ग्लोबल वार्मिंग भी है। हिमालयीय राज्य उत्तराखंड में कुछ दशक पहले 65 प्रतिशत भूभाग पर्वतीय तथा वन क्षेत्र था। पर्यावरण संरक्षण में देवभूमि उत्तराखंड का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पेड़ों के अंधाधुंध कटान से जंगल कम होते जा रहे हैं। जंगल में बड़े वृक्षों के साथ ही अनेक जड़ी-बूटियों के पौधे होते हैं। आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा पद्धति की दवाएं वनस्पति से बनती हैं। एलोपैथिक चिकित्सा की दवाओं के साइड इफेक्ट के कारण पाश्चात्य देशों के लोग आयुर्वेदिक औषधियों के उपयोग को प्राथमिकता दे रहे हैं। पेड़-पौधों को संरक्षण नहीं मिलने से पर्यावरण को क्षति, रोगियों के उपचार हेतु औषधि का संकट उत्पन्न हो रहा है। पेड़ कटने से धरती का तापमान बढ़ रहा है और भूगर्भीय जल स्तर गिरता जा रहा है। उत्तराखंड के तराई में जंगल और कृषि भूमि होने से भूमि में नमी तथा जल स्तर काफी ऊपर था। अब पहाड़ से लेकर मैदान तक जल संकट गंभीर होता जा रहा है। जलस्रोत सूखते जा रहे हैं। सदानीरा नदियों में भी जल कम रह गया है। जंगल पेड़-पौधों के साथ वन्यजीवों और पक्षियों के घर हैं। प्रकृति मनुष्य के साथ हर जीव-जन्तु के जीवन के लिए अनिवार्य है।

# क्षेत्र की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

### पूर्व विधायक ठुकराल के नेतृत्व में पहुंचे थे लोक विहार कॉलोनी, बराड़ नगर, अपना एंक्लेव निवासी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

फाजलपुर मेहरौला क्षेत्र के दर्जनों लोग पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने डीएम से मुलाकात की। उन्होंने डीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

फाजलपुर मेहरौला क्षेत्र की कालोनी लोक विहार कॉलोनी,बराड़ नगर, अपना एंक्लेव के लोगों ने डीएम को बताया कि कालोनी में तमाम समस्याएं हैं। लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। इस दौरान ठुकराल ने बताया कि उक्त कॉलोनियों में मकानों की रजिस्ट्री व दाखिल-खारिज होने के बावजूद वर्ष 2018 में जिलाधिकारी के आदेश के तहत खरीद-फरोख्त पर रोक लगा दी गई है। साथ ही रजिस्ट्री,नए विद्युत एवं जल संयोजन पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है, जिससे क्षेत्रवासी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र एवं जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण वार्ड नंबर 25 फाजलपुर मेहरौला के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं और मानसिक तनाव झेल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम रुद्रपुर का



हिस्सा होने के बावजूद यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर है और मानो उत्तराखंड के मानचित्र से अलग-थलग पड़ा हुआ है। ठुकराल के साथ राजवीर सिंह, गुरमीत सिंह, तरसेम सिंह, डॉ. पीपी यादव, विजय दानी, मनवीर सिंह, बिक्रमजीत सिंह, पीयूष शर्मा, बलविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, गिरजा शंकर पांडे, हरप्रीत सिंह, वैभव, देवेंद्र सिंह,चंदन सिंह रौतेला, महेश जोशी, प्रभाकर पांडे, संदीप वर्मा,ललित सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## स्विफ्ट कार से हथियारों का जखीरा समेत बड़ी संख्या में कारतूस बरामद

**काशीपुर।** जनपद के काशीपुर में स्पेशल टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया। एसटीएफ टीम ने एक निजी कार पार्किंग में खड़ी स्विफ्ट कार पर छापेमारी कर हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया है।

एसटीएफ के मुताबिक बरामद हथियारों में एक 12 बोर पंप एक्शन बंदूक, एक 22 बोर राइफल, एक 32 बोर पिस्टल और एक 32 बोर रिवॉल्वर शामिल हैं। इसके अलावा वाहन से 237 कारतूस भी बरामद किए गए हैं। हथियारों और कारतूसों की बड़ी खेप मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।यह कार्रवाई एसटीएफ निरीक्षक एमपी सिंह और अरुण कुमार के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम की संयुक की गई। टीम ने संदिग्ध सूचना के इस खबर को 500शब्दों में लिखकर भेजो विस्तृत रूप में हेड लाइन और एंकर भी आधार पर वाहन की तलाशी ली, जिसमें यह हथियार बरामद हुए। एसटीएफ कुमाऊं निरीक्षक एमपी सिंह के मुताबिक प्राथमिक जांच के बाद एसटीएफ अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद हथियार किसके हैं, इन्हें कहां से लाया गया और इनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था।

# घर के अंदर जमीन में दफन मिले नीले-सफेद ड्रम कच्ची शराब का जखीरा बरामद, सास-बहू हिरासत में

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र घनी आबादी वाले वार्ड रम्पुरा में पुलिस ने एक घर में छापा मारकर जमीन में दफन मिले ड्रम में कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने सास-बहू को शराब छिपाने के आरोप में हिरासत में लिया है।छापेमारी के दौरान पुलिस भी हैरान रह गई। कमरे के अंदर स्थित फर्श खोदकर उसके अंदर नीले-सफेद ड्रम दफन किए हुए थे। पुलिस के मुताबिक मंगलवार की दोपहर को कोतवाली रुद्रपुर के एसएसआई अनिल जोशी, रम्पुरा चौकी प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित हुई। पुलिस रम्पुरा बस्ती स्थित चर्चित महिला शराब माफिया के घर पर छापा मारा। छानबीन के बाद पुलिस को कुछ नहीं मिला,लेकिन जैसे ही पुलिस ने कमरे के अंदर रखा सोफा हटाया तो जमीन में नीले-सफेद रंग के ड्रम ढक्कन के साथ दबे दिखे। पुलिस ने ढक्कन खोला और ड्रम में कच्ची शराब की थैलियां दिखाई दी। यह देखकर पुलिस कर्मी



भी हैरान रह गए। शराब बेचने का यह नायाब तरीका चर्चा का विषय बन गया। पुलिस ने मौके से कच्ची शराब का जखीरा बरामद किया। पुलिस ने सास बहू को हिरासत में लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि पकड़े गई महिलाएं इलाके में वर्षों से कच्ची शराब बेचने का धंधा करती है। पुलिस की कार्रवाई से बचने को जमीन में सुरंग बना कर उसमे ड्रम दफन किए। ऊपर से सोफा रख दिया। एसएसआई ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### एसएसपी ने लिया वीडियो का संज्ञान

पुलिस सूत्रों के मुताबिक किसी व्यक्ति ने शराब विक्रेता के घर की एक वीडियो बनाई थी। शराबी को परिचित बता कर अंदर बुलाती थी और फौरन एक गिलास,चखने के तौर पर अचार और शराब की थैली देती थी। शराबी चुपचाप शराब पीकर बाहर निकल जाता था। वीडियो एसएसपी को भेजी जाती है। एसएसपी ने अधीनस्थों को गोपनीय दबिश देने का आदेश दिया और पुलिस ने दबिश देकर शराब बेचने का तहखाना ढूंढ निकाला।

# फिल्मी दुनिया

## बिग बॉस 20 की तैयारियां शुरू, सलमान खान होस्ट करेंगे शो





*सलमान बिग बॉस 20 के जरिए टीवी स्क्रीन पर बड़ा धमाका करने के लिए तैयार हैं। सलमान खान बिग बॉस 20 के होस्ट के रूप में वापसी करने वाले हैं। इस शो की शूटिंग सितंबर से शुरू हो सकती है।*

*टेलीविजन का सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस अपने 20वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। लाखों दर्शकों के लिए बिग बॉस का मतलब ही सलमान खान भी है। सलमान के फैंस के लिए अच्छी खबर यह है कि वह एक बार फिर इस शो को होस्ट करने के लिए तैयार हैं। इस शो के मेकर्स नए प्रतियोगियों को चुनने के लिए ऑडिशन शुरू करने वाले हैं। इस बार कुछ पुराने मशहूर प्रतियोगी भी दोबारा घर में एंट्री ले सकते हैं। वैरायटी इंडिया के अनुसार, इस शो की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सलमान 21 सितंबर से इस नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। बिग बॉस की शूटिंग शुरू करने से पहले सलमान खान अपनी दो बड़ी फिल्मों का काम पूरा करेंगे। वामसी पेडिपल्ली की एक्शन फिल्म में सलमान के साथ साउथ की सुपरस्टार नयनतारा नजर आएंगी। सलमान इस फिल्म का एक बड़ा हिस्सा बिग बॉस शुरू होने से पहले ही शूट करना चाहते हैं।*

### सलमान का जलवा

*वीकेंड का वार में सलमान खान का अंदाज, उनका गुस्सा और समझाने का तरीका ही इस शो की असली जान है, जो इस बार भी दर्शकों को देखने को मिलेगा। बिग बॉस 19 काफी कामयाब रहा था, जिसमें गौरव खन्ना, फरहाना भट्ट और अमाल मलिक जैसे सितारों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इसी वजह से सीजन 20 से लोगों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं।*

# मोबाइल लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश यूपी के बाइक सवार तीन बदमाश दबोचे

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बाईक सवार यूपी के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया।

**कार्रवाई**

- **मोदी मैदान के पास से ट्रांजिट कैंप के युवक से हुई लूट का मामला,चैकिंग के दौरान चढ़े पुलिस के हत्थे**

पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। तीनों ने मोदी मैदान के पास एक युवक से मोबाइल लूट लिया था पुलिस के मुताबिक एसएसआइ ट्रांजिट कैंप महेश कांडपाल ने बताया कि बीते दिनों ट्रांजिट कैंप तीनपानी निवासी भास्कर से बाईक सवार तीन बदमाशों ने मोदी मैदान के पास मोबाइल लूट लिया था। इस मामले में पुलिस ने तीन अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीसीटीवी कैमरे में लुटेरों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई थी। सोमवार रात पुलिस सिडकुल रोड पर चैकिंग कर रही थी। इस दौरान बाईक सवार तीन युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस कर्मियों ने तीनों पर संदेह हुआ और घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में तीनों ने अपना नाम कुनाल शर्मा शर्मा निवासी बिलासपुर रामपुर, गोविन्द सिंह निवासी बिलासपुर रामपुर तथा सन्नी निवासी बिलासपुर रामपुर बताया। तलाशी में उनके पास से भास्कर से लूटा गया मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाईक बरामद किया। पुलिस की सख्ती के बाद तीनों ने मोबाइल लूट की बात स्वीकार की। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया।

## News कॉर्नर

### गोण्डा,रुद्रपुर और पूरनपुर के खिलाड़ियों ने जीता मैच

नैनीताल । नैनीताल के डीएसए मैदान में खेली जा रही 100वीं अखिल भारतीय ट्रेडर्स कप हॉकी प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को तीन मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के तहत पहला मुकाबला हॉकी कलब गोण्डा बनाम मुरादाबाद हॉकी कलब के बीच खेला गया जिसमें 2-1 से गोण्डा के खिलाडि ों ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला टाउन हाल कलब शाहजहांपुर बनाम यूएसनगर इलेवन रुद्रपुर के बीच हुआ जिसमें 3-0 से रुद्रपुर ने जीत दर्ज की जबकि प्रतियोगिता का तीसरा मैच डायमंड हॉकी कलब पूरनपुर बनाम डीएचए बहराइच के बीच खेला गया ।

# कैंची धाम मेले की तैयारियों को लेकर डीएम रयाल ली बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

डीएम ललित मोहन रयाल ने मंगलवार को श्री कैंचीधाम मंदिर परिसर स्थित सभागार में आगामी 15 जून (सोमवार) को बाबा नीम करौरी महाराज के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले की पूर्व तैयारियों को लेकर मंदिर समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले की व्यवस्थाओं तथा तैयारियों की समीक्षा की। डीएम रयाल ने मेले को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्णए सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने हेतु यातायात प्रबंधन, पार्किंग एवं शटल सेवा तथा सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएंए अग्निशमन एवं अन्य प्रबंधों की



विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कैंची धाम मेले को भव्य एवं शुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराना सभी की जिमेदारी है और इसके साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहे। उन्होंने व्यवस्था में लगे सभी कार्मिकों से कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मधुर व्यवहार रखें ताकि एक अच्छा संदेश श्रद्धालु यहां से लेके जाय। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो और आसानी से दर्शन हो इस हेतु बेहतर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पुलिस कप्तान डा.मंजूनाथ टीसी द्वारा मेले के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए ट्रैफिक प्लान के बारे में अवगत कराया। उन्होंने पुलिस क्षेत्राअधिकारी को निर्देश दिए की क्षेत्र में यात्रामार्ग से सभी प्रकार से अतिक्रमण को हटाया जाए, सड़क किनारे अतिक्रमण न रहे। उन्होंने कहा कि मार्ग में किसी भी प्रकार से अवरोध न आने पाय जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़े। बैठक में बलाक प्रमुख अंकित शाह ,मंदिर समिति के ट्रस्टी मंजुल कुमार जोशी, प्रदीप शाह, आलोक चौपड़ा, शैलेंद्र शाह,पवन रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक डा. जगदीश चंद्र, उप जिलाधिकारी धारी अनुराग आर्य/ उप जिलाधिकारी श्री कैंचीधाम दिव्यांशु, पुलिस अधीक्षक संचार रेवाधर मठपाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत सेमवाल, परिवहन निगम से महाप्रबंधक पूजा जोशी, संभागीय परिवहन अधिकारी गुरुदेव सिंह, अरविंद पाण्डेए सहित मंदिर समिति, व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईजी निवेदिता कुकरेती ने संभाली कमान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय पुलिस सेवा की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती निवेदिता कुकरेती ने मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र नैनीताल के पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने परिक्षेत्रीय कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा परिक्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रणए यातायात प्रबंधन एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी ली।कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस महानिरीक्षक कुकरेती ने कहा कि कुमायूँ परिक्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, साइबर अपराधों की रोकथाम, मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाना, जनशिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा पुलिस और जनता के मध्य विश्वास एवं संवाद को और अधिक मजबूत बनाना उनकी



प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। कहा कि आगामी कैंची धाम स्थापना दिवस, पर्यटन सीजन तथा बढ़ती पर्यटक गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए सुरक्षित, सुगम एवं अवरोधरहित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहेगा। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, शटल सेवाओं, डायवर्जन प्लान तथा भीड़ नियंत्रण के लिए सभी संबंधित जनपदों में व्यापक एवं प्रभावी कार्ययोजना लागू की जाएगीए जिससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को निर्बाध यात्रा एवं दर्शन का अनुभव प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि पुलिस बल के आधुनिकीकरण, तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग, स्मार्ट पुलिसिंग, अपराध विश्लेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने तथा पुलिस कर्मियों के कल्याण एवं क्षमता विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा साथ ही अपराध एवं यातायात प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों के प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान हेतु समन्वित रणनीति अपनाई जाएगी।पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस महानिरीक्षक कुक रेती ने मीडिया प्रतिनिधियों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में शांति, सुरक्षा एवं जनजागरूकता के प्रसार में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस एवं मीडिया के बीच बेहतर समन्वय से जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

### कैंची धाम में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नैनीताल में पत्रकार वार्ता के उपरांत पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती निवेदिता कुकरेती स्वयं कैंची धाम पहुँचीं और आगामी कैंची धाम मेले एवं पर्यटन सीजन की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थलों, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा प्रबंधों, आपातकालीन व्यवस्थाओं तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तृत जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए।निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से भी अपील की कि आगामी आयोजन को सुरक्षितए सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने हेतु पुलिस प्रशासन एवं मंदिर समिति के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं निर्बाध दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वित रूप से कार्य किया जाएगा।

# गौला बाईपास पर दो कारों की भीषण भिड़ंत, बड़ा हादसा टला

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे चिंता का विषय बने हुए हैं। यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस की ओर से नियमित अभियान और चालान कार्रवाई किए जाने के बावजूद दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

बुधवार को गौला बाईपास पर दो कारों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में बड़ा हादसा टल गया। हादसे में दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा, हालांकि सभी लोग सुरक्षित बच गए।

जानकारी के अनुसार, एक कार तीनपानी की ओर से हल्द्वानी आ रही थी, जिसे एक बुजुर्ग चालक चला रहे थे। वहीं दूसरी कार खटीमा की ओर से पहुंची थी, जिसमें पति-पत्नी सवार थे और उपचार के लिए अस्पताल जा रहे थे। बताया जा रहा है कि खटीमा की ओर से आ रहे चालक ने डिवाइडर कट से वाहन को बनभूलपुरा की दिशा में मोड़ने का



प्रयास किया। इसी दौरान सामने से आ रही कार से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक कार सड़क से नीचे खेत की ओर जा घुसी, जबकि दूसरी कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए।

हादसे के बाद गौला बाईपास पर यातायात प्रभावित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सूचना देने के बावजूद पुलिस करीब 20 मिनट तक मौके पर नहीं पहुंची, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। बाद में स्थानीय लोगों ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराया और यातायात को सुचारु कराया।

# गुलाब घाटी के जाम से मिलेगी राहत, अमृतपुर बायपास निर्माण कार्य शुरू

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रानीबाग गुलाब घाटी क्षेत्र में लंबे समय से लगने वाले जाम से लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि गौला पुल काठगोदाम के हनुमानगढ़ी से अमृतपुर तक प्रस्तावित बायपास सड़क के निर्माण की दिशा में कार्य धरातल पर शुरू हो गया है।

इसके तहत सड़क कटान का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सांसद अजय भट्ट ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी बायपास परियोजना की कुल लागत 18 करोड़ 23 लाख रुपये है। परियोजना के अंतर्गत सड़क कटिंग कार्य पर 6 करोड़ 45 लाख रुपये खर्च



किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बायपास परियोजना के दूसरे चरण में 11 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से गौला नदी पर पुल का निर्माण किया जाएगा। पुल और सड़क के निर्माण के बाद रानीबाग गुलाब घाटी क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा तथा स्थानीय लोगों और पर्यटकों को जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी । सांसद ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ-साथ विकास को भी नई गति प्रदान करेगी।

### हाईकोर्ट ने किया दो याचिकाओं को खारिज

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) पद पर पदोन्नति को लेकर दायर दो याचिकाओं को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने अपने विस्तृत निर्णय में कहा कि सहायक क्षेत्रीय निरीक्षक (तकनीकी) के रूप में दी गई सेवा को क्षेत्रीय निरीक्षक (तकनीकी) के पद पर पदोन्नति हेतु आवश्यक अर्हकारी सेवा में नहीं जोड़ा जा सकता।

# मां नयना देवी मंदिर का स्थापना दिवस 23 जून को

नैनीताल

हमारे संवाददाता

श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट द्वारा आगामी 23 जून (मंगलवार) को आयोजित होने वाले श्री मां नयना देवी मंदिर के स्थापना दिवस को लेकर मंगलवार को मंदिर परिसर में प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता के दौरान ट्रस्ट पदाधिकारियों ने स्थापना दिवस कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून से 23 जून तक मंदिर परिसर में 9 दिवसीय श्रीमददेवी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 जून (सोमवार) को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात कथावाचक पंडित चंद्रशेखर अधिकारी विधिवत कथा का शुभारंभ करेंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम को 3 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 जून (शनिवार) को अपराह्न 1 बजे से 3 बजे तक सुंदरकांड पाठ का विशेष आयोजन किया जाएगा वहीं 23 जून (मंगलवार) को स्थापना दिवस के अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में मां नैना देवी की विशेष पूजा.अर्चना की जाएगी, सुबह 7 बजे से कुल पूजा, 11 बजे से 12 बजे तक देव पूजन एवं पूर्णाहुति जबकि 12 बजे से 1 बजे तक व्यास पूजन तथा पुस्तक पूजन तथा कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे से ब्राह्मण पूजन एवं महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा जबकि शाम 5 बजे से 7 बजे तक भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।मंदिर ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संखया में प्रतिभाग कर मां नैना देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। यहां घनश्याम लाल साह, मनोज चौधरी तथा शैलेन्द्र मेलकानी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खाते से 2.28 लाख रुपये उड़ाए, मुकदमा दर्ज कराने की मांग




हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

साइबर ठग आए दिन किसी न किसी को ठगते नजर आ रहे। ऐसा लगता है कि ये धंधा तेजी से फल फूल रहा है। साइबर ठगी का एक और मामला प्रकाश मे आया है। दुर्गेश कॉलोनी, मल्ली बमौरी निवासी नवीन चन्द्र भट्ट ने थाना मुखानी में तहरीर देकर बताया कि उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से बिना अनुमति के यूपीआई के माध्यम से कुल 2 लाख 28 हजार 500 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित के अनुसार 29 मई की देर रात उनके खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शनों में रकम कट गई, जबकि उन्होंने कोई लेनदेन नहीं किया था। खाते से रुपये निकलने की जानकारी मिलने पर उनके होश उड़ गए। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

### छात्र की बाइक चोरी, चालान की फोटो से मिला सुराग

हल्द्वानी। आम्रपाली इंस्टीट्यूट के एक छात्र की बाइक कॉलेज परिसर के बाहर से चोरी हो गई। खास बात यह है कि चोरी के कुछ घंटों बाद ही बाइक का ऑनलाइन चालान कटने से पुलिस को अहम सुराग मिला है।

रामनगर के ढेला निवासी करन सिंह ने थाना मुखानी में दी तहरीर में बताया कि वह बी.फार्मा तृतीय वर्ष का छात्र है। 15 मई की सुबह उसने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल कॉलेज गेट के बाहर खड़ी की थी। जब दोपहर करीब तीन बजे वह बाहर आया तो बाइक गायब थी। पीड़ित ने बताया कि उसी दिन दोपहर में उसके मोबाइल पर बाइक का चालान आने का संदेश मिला, जिसमें वाहन चला रहे व्यक्ति की तस्वीर भी दिखाई दे रही थी। छात्र ने पुलिस से बाइक बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घर से निकली महिला एक सप्ताह से लापता, पुलिस से लगाई गुहार

हल्द्वानी। लामाचौड़ क्षेत्र की एक महिला पिछले एक सप्ताह से लापता है। परिजनों ने उसकी तलाश के लिए थाना मुखानी में गुमशुदगी की तहरीर देकर पुलिस से मदद मांगी है।

बच्चीनगर नंबर-9, लामाचौड़ निवासी शांति जनतवाल ने पुलिस को बताया कि उनकी 31 वर्षीय पुत्री नीमा कनयाल 19 मई की सुबह घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, मगर उसका कोई पता नहीं चल सका। तहरीर के अनुसार लापता महिला का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। परिजनों ने पुलिस से बेटी की जल्द तलाश कर सुरक्षित घर पहुंचाने की मांग की है।

### धर्म की हानि होने पर भगवान स्वयं लेते है अवतार

हल्द्वानी। श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति द्वारा श्री दत्तात्रेय आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस में कथा व्यास डा नवीन चन्द्र जोशी ने कृष्णावतार की कथा सुनाते हुए कहा कि जब जब संसार में धर्म की हानि होती है तब तब भगवान अवतार धारण कर धर्म की स्थापना करते हैं।

अपने भक्तों की रक्षा करने के लिए भगवान ने कारागार में जन्म लिया। कथा में भगवान की दिव्य लीला का गायन किया गया। कथा में महामंडलेश्वर स्वामी परेश



यति महाराज जी ने कहा कि भागवत सुनने से मनुष्य का मन भगवत चिन्तन की ओर लगता है। कथा में समिति के सचिव आचार्य प्रमोद जोशी ने कहा कि भागवत सुनने से सभी का कल्याण होता है। यजमान पान सिंह बिष्ट तुलसी बिष्ट ने सपरिवार पूजन किया। आचार्य प्रकाश चन्द्र जोशी पं हेम चन्द्र जोशी गोविन्द बल्लभ जोशी मंजीत सती आदि ने वेद पाठ किया।